अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार

संख्या 36 पोर्ट ब्लेयर, मंगलवार, 06 फरवरी 2024 web: www. and.ni

निकोबारी किसानों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित

पोर्ट ब्लेयर, 5 फरवरी।

हाल ही में आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कमोर्टा द्वीप समूह के छोटा एनाका, काकाना, पिलपिलो और ननकौड़ी के चावरा द्वीप के गांवों में 'द्वीप आधारित फसल प्रणाली के लिए बेहतर जैविक खेती के तरीकों' पर निकोबारी जनजातीय किसानों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि वानिकी) डॉ. आई. जयशंकर ने कुशल संसाधन उपयोग के लिए बहुउद्देशीय वृक्ष प्रजातियों के उपयोग, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए स्थानिक पौधों की जैव विविधता के संरक्षण, वैज्ञानिक कंद फसलों की खेती, कंद फसलों पर आधारित कृषि प्रणाली, सीआईएआरआई की प्रौद्योगिकी और जैविक अपशिष्ट प्रबंधनके बारे में बताया। कमोर्टा में कृषि विभाग के प्रभारी श्री मोहम्मद हनीफा ने पौष्टिक रसोई वाटिका के लिए संभावित सब्ज फसलों की प्रथाओं के पैकेज, इसकी नर्सरी प्रबंधन और एसटीसी कार्यक्रम और कंद फसलों पर एआईसीआरपी के तहत कृषि विभाग द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की इस श्रृंखला में 4 गांवों के लगभग 211 किसानो ने भाग लिया। सभी को कृषि उपकरण, सीआईएआरआइ द्वीपीय माइक्रो, शकरकंद की अंकुरित कलमें, ग्रेटर रतालू बीज सामग्री और सब्ज बीज किट दिए गए।